फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत — उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

संतोक देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार मीणा नि॰ गोदान का बाड़ा

बनाम

मथरा पिता मांगीलाल गुर्जर नि॰ शृंगारचंवरी वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 606/23

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील मे जारी हुये
14.06.23	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम शृंगारचंवरी, प. ह. पीपलुन्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ॰ न॰ 434 रकबा 0.9712 हेक्टेयर, आ॰ न॰ 435 रकबा 0.0243 हेक्टेयर कुल किता 02 रकबा 0.9955 हेक्टेयर स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद को लेकर झगडा करते हैं। अतः पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2074 से 2077 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के एकल/संयुक्त स्वामित्व की हैं, पडोसियान के विवाद करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं जिसके जाहिर होता है कि पत्थरगढी की जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है ग्राम ग्राम शृंगारचंवरी, प. ह. पीपलुन्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ॰ न॰ 434 रकबा 0.9712 हेक्टेयर, आ॰ न॰ 435 रकबा 0.0243 हेक्टेयर कुल किता 02 रकबा 0.9955 हेक्टेयर स्थित की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक पीपलुन्द को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 14.06.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाडा)	

Scanned with CamScanner

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाड़ा

क्रमांक / रीडर / 2023 / 606/ 2023 दिनांक :— 14.06.2023

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :— प्र. स. 606/2023 अनवान संतोक देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार मीणा नि. गोदान का बाड़ा बनाम मथरा पिता मांगीलाल गुर्जर नि. शृंगारचंवरी, जगदीश पिता मांगीलाल गुर्जर नि. शृंगारचंवरी, सोकरण पिता मांगीलाल गुर्जर नि. शृंगारचंवरी, रुगालाल पिता भवाना गुर्जर नि. शृंगारचंवरी, मस्तराम पिता काना वैष्णव नि. शृंगारचंवरी वगैरा की पत्थरगढी की पालना करने बाबत।

———

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम शृंगारचंवरी, प. ह. पीपलुन्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 434 रकबा 0.9712 हेक्टेयर, आ. न. 435 रकबा 0.0243 हेक्टेयर कुल किता 02 रकबा 0.9955 हेक्टेयर, स्थित की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक पीपलुन्द को कमीशनर नियुक्ति किया जाता है। कमीशनर फीस 500 रू. तय किये जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाड़ा)

Scanned with CamScanner